राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

## स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ, मंत्री ने दिखाया हरी झण्डी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर नगर पालिका परिषद जौनपुर के परिसर में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय रैली का उद्घाटन राज्यमंत्री (स्वतत्र प्रभार ) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव, विधायक मड़ियाहूँ आर0 के0 पटेल, चेयरमैन नगरपालिका जौनपुर, श्रीमती मनोरमा मौर्या, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र एवं मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा स्कूल चलो अभियान के शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी के द्वारा देखा गया।

वर्ष – 03 | अंक – 221 | जौनपुर | मंगलवार, 01 अप्रैल 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### कठुआ मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों ने कोई हथियार नहीं छीना जम्मू कश्मीर पुलिस

जम्मू, (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में दो दिनों तक जारी मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों ने कोई हथियार नहीं छीना। जम्मू कश्मीर पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जान गंवाने वाले चारों पुलिसकर्मियों के सामान और सभी हथियार बरामद कर लिए गए हैं। बृहस्पतिवार को सफियान वन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मियों ने अपनी जान गंवा दीं जबकि दो पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों के प्रतिबंधित संगठन जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े होने का अनुमान है। प्रवक्ता ने कहा, कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व सोशल मीडिया पर सफियान में आतंकवादियों द्वारा हमारे शहीदों के हथियार छीने जाने की अफवाह फैला रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि हथियार छीनने के ये दावे झूठे हैं। शहीदों के सभी हथियार और सामान बरामद कर लिए गए हैं।

### राजस्थान के राज्यपाल के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खामी

गुजरात, (एजेंसी)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को पाली छोड़ने गए हेलीकॉप्टर में बाद में तकनीकी खराबी आ गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पाली के जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि राज्यपाल एक कार्यक्रम के लिए हेलीकॉप्टर से पाली पहुंचे थे और पाली पहुंचने के बाद राज्यपाल तय कार्यक्रम के अनुसार सड़क मार्ग से कार्यक्रमस्थल के लिए रवाना हो गए। राज्यपाल के सड़क मार्ग से रवाना होने के कुछ देर बाद हेलीकॉप्टर उड़ान भरने लगा तो उसमें तकनीकी खामी आ गई जिसके बाद हेलीकॉप्टर को तुरंत नीचे सुरक्षित उतार गया। चालक दल ने खामी की जांच की।

### भारत ने ब्रह्मांड के बारे में दुनियाभर में समझ पैदा करने में योगदान दिया – सोमनाथ

अहमदाबाद, (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने शनिवार को यहां 'महासलिला' और 'सूर्य सिद्धांत' जैसे प्राचीन ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा कि भारत हमेशा से एक महान राष्ट्र रहा है जिसने वेदों के समय से लेकर आज के उन्नत वैज्ञानिक युग तक ब्रह्मांड के बारे में दुनियाभर में समझ पैदा करने में योगदान दिया है। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के 60वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने शोध संगठनों, शिक्षा जगत और उद्योग के बीच संबंध की आवश्यकता पर बल दिया। सोमनाथ ने कहा, "इस मौके पर मैंभारत की समृद्ध और गौरवशाली ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालना चाहूंगा। वेदों से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक युग तक, भारत हमेशा ब्रह्मांड के संबंध में दुनियाभर में समझ पैदा करने में योगदान देने वाला एक महान राष्ट्र रहा है।

## धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस बिक्री प्रतिबंधित, राम नवमी पर विशेष निगरानी - सीएम योगी



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रति बंध लगाने का सख्त आदेश जारी किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं। 2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु वध और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। इस फैसले को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इनमें पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन विशेष प्रतिबंध ा लागू होगा, इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। यूपी नगर निगम अधिनियम 1959 और खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं 2011 के प्रावधानों के तहत, योगी सरकार ने अधिकारियों को उल्लंघन करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## स्मृति मंदिर पहुंचे मोदी, हेडगेवार–गोलवलकर को दी श्रद्धांजलि

नागपुर, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्मृति मंदिर का दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने यहां आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए और एक खास संदेश भी लिखा। पीएम मोदी ने लिखा, श्परम पूजनीय डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी को शत शत ममन। उनकी स्मृतियों की संजोने, इस स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं। भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन शक्ति के मूल्यों को



समर्पित यह स्थली हमें राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। संघ के इन दो मजबूत स्तंभों की यह स्थली देश की सेवा में समर्पित लाखों स्वयंसेवकों के लिए उर्जा पुंज है। हमारे प्रयासों से मां भारती का भाग्य सदा बढ़ता रहे। आरएसएस के प्रशासनिक मुख्यालय रेशमबाग में स्मृति मंदिर में पीएम मोदी के दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, संघ के पूर्व महासचिव सुरेश भैयाजी जोशी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मौजूद थे।

## पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने से रोकने की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को नियंत्रित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका में पंजाब और हरियाणा सरकार को पराली जलाने पर नियंत्रण करने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा, इस अदालत ने पराली जलाने के मुद्दे पर कई आदेश पारित किए हैं और अभी भी मामले पर विचार किया जा रहा है, तो हम विभिन्न पक्षों को इस मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए आवेदन दायर करने की इजाजत नहीं देना चाहते हैं। इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है। पर्यावरण कार्यकर्ता विक्रांत तोंगड़ ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था

कि अप्रैल–मई में पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण से न केवल दिल्ली– एनसीआर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बल्कि उन राज्यों के लोगों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है, जहां पराली जलाई जाती है। याचिका में दावा किया गया है कि बच्चे और बुजुर्ग इससे विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। याचिका में ये भी कहा गया है कि वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय संकट बन गया है, जो देश में रहने वाले लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी कर रहा है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि श्इस न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी किए गए अनेक निर्देशों के बावजूद, उनका सही से पालन नहीं हो रहा है। सरकारी एजेंसियां और हितधारक सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करने के अपने कर्तव्य में विफल रहे हैं।

## पीएम मोदी ने नवरात्रि और नव संवत्सर की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, (एजेंसी)। चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ नव संवत्सर (हिंदू नव वर्ष) की शुरुआत हो गई है। साथ ही नवरात्रि का पावन पर्व भी रविवार से शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर देशवासियों को नवरात्रि और नव संवत्सर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा, समस्त देशवासियों को नव संवत्सर की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन–पुनीत अवसर आप सभी के जीवन में नया उत्साह लेकर आए, जो विकसित भारत के संकल्प में भी नई ऊर्जा भरे। इसके बाद एक और पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, देशवासियों को नवरात्रि की बहुत–बहुत शुभकामनाएं। शक्ति–साधना का यह पावन पर्व हर किसी के जीवन को साहस, संयम और सामर्थ्य से परिपूर्ण करे। जय माता दी! इसके अलावा, पीएम मोदी ने नवरात्रि को शक्ति और साधना का त्योहार बताते हुए, प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज द्वारा देवी को समर्पित एक भजन भी एक्स पर शेयर किया। पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, नवरात्रि की शुरुआत मां भगवती के उपासकों में भक्ति का एक नया उत्साह जगाती है। मां भगवती की आराधना को समर्पित पंडित जसराज का यह भजन सभी को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने सभी को गुड़ी पड़वा और उगादि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं! बता दें कि नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। नवरात्रि मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार साल में चार बार आता हैरू क्रमशरू चौत्र नवरात्रि, शारदीय नवरात्रि, माघ नवरात्रि और आषाढ़ नवरात्रि। हालांकि, इनमें से चौत्र और शारदीय नवरात्रि सबसे अधिक लोकप्रिय और व्यापक रूप से मनाई जाती हैं। वहीं, हिंदू नववर्ष को हिंदू संवत्सर या विक्रम संवत के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। यह मुख्य रूप से चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। यह दिन चौत्र नवरात्रि के पहले दिन के साथ भी मेल खाता है। हिंदू नववर्ष को भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग–अलग नामों और परंपराओं के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

## एनडीए में विनिंग कॉम्बिनेशन, ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा - चिराग पासवान

पटना, (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस बीच एनडीए घटक दलों में शामिल लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए को गौर से देखें तो इसमें विनिंग कॉम्बिनेशन है। आने वाले चुनाव में यह गठबंधन ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव का वर्ष है। एनडीए के साथी समय–समय पर मिलकर एक–दूसरे को समझ रहे हैं। कुछ दिन पहले हमारी दिल्ली में मुलाकात हुई थी। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ रहा है, जबकि विपक्ष में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वे न चेहरा तय कर पा रहे हैं,



न गठबंधन का स्वरूप तय कर पा रहे हैं। राजद और कांग्रेस में जिस तरह से दरारें देखने को मिल रही हैं, वह यह दर्शाता है कि एक तरफ विपक्ष बिखरा हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ मजबूत एनडीए है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अमित शाह बिहार में मौजूद हैं। इस दौरान वे इस बात को समझेंगे कि जनता को इस गठबंधन से क्या आशाएं हैं। साथ ही गठबंधन के साथियों के साथ मुलाकात में यह भी विचार किया जाएगा कि हम और बेहतर कर सकें। इस दिशा में भी चर्चा होगी। चारा घोटाले में गबन की गई राशि को वापस लिए जाने के बिहार सरकार के प्रयास पर उन्होंने कहा कि घोटाले की राशि वसूलना बिल्कुल सही है। ये जनता का पैसा है, वापस आना ही चाहिए। लुटे गए पैसे जनता के थे। विधानसभा चुनाव में एनडीए के चेहरे को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा नेता कौन होगा, किसके चेहरे पर चुनाव लड़ेंगे, हमारे लिए ये मुद्दा है ही नहीं। आज की बैठक में हम लोग उससे आगे बढ़ेंगे। सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। इससे एकजुटता का संदेश गया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में सब कुछ को लेकर लड़ाई है। अभी तो असली लड़ाई सीट शेयरिंग को लेकर होगी। पिछली बार कांग्रेस को 70 सीट मिली थी, तो इस बार भी कम से कम उतना ही मांगेगी।

## पटरी से उतरीं कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस की 11 बोगियां, कई लोग मामूली रूप से घायल

ओडिशा, (एजेंसी)। कटक जिले में रविवार को बेंगलुरु–कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गईं, जिसके परिणामस्वरूप सात लोग मामूली रूप से घायल हो गए। इन यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें चिकित्सा के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। रेलवे अधिकारी बाधित ट्रैक को बहाल करने और आगे की बाधाओं को कम करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय रेलवे अधिकारियों के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और



बचाव अभियान में सहायता कर रहे हैं। रेलवे ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए एक राहत ट्रेन भी तैनात की है। पटरी से उतरने की घटना के बाद धौली एक्सप्रेस, नीलाचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा गया। रेलवे ने सहायता प्रदान करने और यात्रियों को सूचित रखने के लिए कई हेल्पलाइन भी सक्रिय की हैं। खुर्दा रोड डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर एच.एस. बाजवा ने कहा, श्आज बैंगलोर–कामाख्या एक्सप्रेस नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। उसी रूट पर एक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है जो उसी गंतव्य तक जाएगी। इसके बाद, मरम्मत का काम शुरू होगा। हम रेलवे की ओर से अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। हमने भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और बसों की भी व्यवस्था की है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ यहां हैं। जांच की जाएगी।श

## केनस्टार ने लॉन्च किया बीएलडीसी मैक्स, कूलिंग में क्रांति लाने वाला नया समाधान

राजकुमार राव और पत्रलेखा पेश करेंगे स्मार्ट समर के लिए एक अनूठा कैंपेन

भारत में ब्रांडेड एयर कूलर की नींव रखने वाला केनस्टार एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारत में एयर कूलर बाजार के अग्रणी ब्रांड केनस्टार ने अपने नए और उन्नत बीएलडीसी मैक्स कूलिंग समाधान को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह आधुनिक तकनीक से लैस है और इसे केनस्टार के हाल ही में लॉन्च हुए एयर कूलर रेंज में शामिल किया गया है। इस नई तकनीक की खासियत इसकी बेहतरीन फंक्शनलिटी, लंबी उम्र और भारतीय परिवारों के लिए अधिक भरोसेमंद प्रदर्शन है। इस लॉन्च के साथ, केनस्टार एक प्रभावशाली कैंपेन लेकर आ रहा है, जिसमें राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ 'टेकी बॉय' भी शामिल होगा, जो एनिमे से प्रेरित एक कैरेक्टर है और भविष्य की सोच, दक्षता और पर्यावरण–संवेदनशीलता का प्रतीक है। यह कैंपेन पर्यावरण के अनुकूल और किफायती तकनीक के जरिए गर्मियों को अधिक आरामदायक और स्मार्ट बनाने के केनस्टार के संकल्प को दर्शाता है। साथ ही, यह ब्रांड और भारतीय ग्राहकों के बीच मजबूत संबंध को और गहरा करता है। बीएलडीसी (ब्रशलेस डायरेक्ट करंट) तकनीक से लैस बीएलडीसी मैक्स बिजली की 60 प्रतिशत तक बचत करता है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और लागत प्रभावी विकल्प बन जाता है। यह नमी को नियंत्रित करने में भी बेहद प्रभावी है, जिससे हर मौसम में बेहतरीन आराम मिलता है। इसके अल्ट्रा–क्वाइट ऑपरेशन की वजह से यह घरों और ऑफिस दोनों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। 5 साल की मोटर वारंटी और 3 साल की पंप वारंटी के साथ, यह कूलर बेहद गर्मी में भी लगातार शानदार प्रदर्शन देने की गारंटी देता है। केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा, "केनस्टार आज के उपभोक्ताओं की तेजी से बदलती जरूरतों को समझता है। अब ग्राहक सिर्फ कार्यक्षमता ही नहीं, बल्कि बेहतरीन डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक भी चाहते हैं। केनस्टार हमेशा से उच्च गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और टिकाऊपन का प्रतीक रहा है। हमारे नए बीएलडीसी मैक्स एयर कूलर इस उद्योग और हमारे ग्राहकों के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होंगे। केनस्टार की मार्केटिंग हेड, नेहा खुल्लर ने कहा, "टेकी बॉय, हमारे ब्रैंड एंबेसडर राजकुमार राव और पत्रलेखा के साथ मिलकर, इस कूलर रेंज को संभावित ग्राहकों के लिए और भी आकर्षक बनाएंगे और हमारे ब्रैंड की नवीन सोच को मजबूती देंगे। टेकी बॉय, अपनी भविष्य की सोच के साथ, एडवांस्ड कूलिंग टेक्नोलॉजी को और अधिक प्रासंगिक बनाता है। यह उपभोक्ताओं को यह समझने में मदद करता है कि केनस्टार के नवीनतम इनोवेशन कैसे उन्हें ठंडक देने के साथ–साथ बिजली की बचत भी कराते हैं।

## समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखने–परखने के बाद स्वीकार किया

नागपुर, (एजेंसी) ।महाराष्ट्र के नागपुर में एक सभा को संबोधित करते समय संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा



उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म–विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं।

# संपादकीय

## आधी-अधूरी खुशी

हाल में जारी 'हैप्पीनैस इंडेक्स' में भारत की स्थिति में कुछ सुधार की बात तो जरूर सामने आयी है,लेकिन हमारी खुशी के सूचकांक को यूक्रेन, फिलीस्तीन, नेपाल व पाक से पीछे बताना गले नहीं उतरता। खुशी के मानक निर्धारण के जो पैमाने पश्चिमी देशों द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं, उनकी विश्वसनीयता व तार्किकता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। हमारी प्रगति की राह पर सदियों की गुलामी के दंश अभी पूरी तरह मिटे नहीं हैं। निस्संदेह, देश में गरीबी है, बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई है, सामाजिक सुरक्षा में पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है।

लेकिन तबाह हो चुका फिलीस्तीन, युद्ध में बर्बाद यूक्रेन व दुनिया में मदद मांगता फिरता पाकिस्तान खुशी के मामले में हम से आगे नहीं हो सकते। भले ही देश में आर्थिक विषमता हो, पूंजी का केंद्रीयकरण चंद हाथों में हो, लेकिन इसके बावजूद हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती आर्थिकी हैं। लेकिन इसके बावजूद दर्शाए खुशी के सूचकांक सरकारों को आईना दिखाते हैं कि हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, सामाजिक सुरक्षा मिले, काम के अवसर मिलें। मंथन हो कि हमारी रीति–नीतियों में कहां खोट रह गयी कि हम कथित खुशी के सूचकांक में गरीब मुल्कों के पीछे दर्शाए जा रहे हैं।

हर राष्ट्रवादी व्यक्ति को ये बात चुभती है कि उसका देश खुशी के मानकों में पिछड़े देशों से भी क्यों पिछड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुश देश बताया जा रहा है। इसी कड़ी में डेनमार्क व स्वीडन भी हैं। ये विकसित देश भारत के एक शहर जितनी आबादी वाले देश हैं। इनके यहां साक्षरता दर ऊंची है व समृद्ध संसाधान उपलब्ध हैं। कहते भी हैं छोटा परिवार सुखी परिवार होता है। हमारे देश में प्रांतीय, जातीय व धार्मिक अस्मिता के नाम पर जनसंख्या बढ़ाने की दलीलें दी जा रही हैं। दुहाई दी जाती है कि हमारा धर्म इजाजत नहीं देता कि परिवार नियोजन अपनाया जाए। संसाधन सीमित हैं और खाने वाले मुंह लगातार बढ़ते जा रहे हैं। फिर भी शासन–प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार एक हकीकत है, जिसको लेकर तमाम राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय आंकड़े समय–समय पर आते रहते हैं। भ्रष्टाचार का मतलब है कि किसी के वाजिब हक का मारा जाना। शिक्षा,स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हम यदि पिछड़े हैं तो कहीं न कहीं ये हमारे नीति–नियंताओं की विफलता भी है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विडंबना है कि मतदान का अधिकार रखने वाले चुनाव के दौरान योग्य प्रतिनिधियों के चयन से चूकते हैं। यही वजह कि जनप्रतिनिधि संस्थाओं में दागदार नुमाइंदों की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। जब ऐसे तत्व हमारे भाग्य–विधाता बनेंगे तो खुशी कहां से आएगी? स्पष्ट है कि यदि हम खुशी के मानकों में खरे नहीं उतरे हैं तो नीतियां बनाने वालों को आत्ममंथन करना होगा। जागरूक नागरिक व जिम्मेदार राजनीतिक नेतृत्व तसवीर बदल सकता है।

# पहाड़ में पलाश के फूलों की निराली छटा

गोपाल

हम मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले को देखें तो भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में बांट सकते हैं। एक है सतपुड़ा पहाड़ की जंगल पट्टी, और दूसरा है नर्मदा कछार। सतपुड़ा की पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी रहते हैं जबकि नर्मदा कछार को बहुत उपजाऊ माना जाता है। नर्मदा किनारे की मिट्टी बहुत ही उर्वर है।गांवों के आसपास अमराई (आम के बगीचे) हुआ करती थी, कुछ जगह तो अब भी है। इन दिनों सतपुड़ा के जंगल और पहाड़ में पलाश के फूलों की बहार है। आम के बौर आए हैं, उनकी ताजी खुशबू हवा में फैली है। पेड़ों में नए पत्तों की कोपलें आ गई हैं। नीम भी हरी–भरी हो गई है। पक्षियों की चहचहाहट है। मौसम खुशगवार है। आज के कॉलम में जंगल और उसके आसपास के जनजीवन की चर्चा करना चाहूंगा, जिससे इलाके को समग्रता से समझा जा सके। इस इलाके के लोग, जंगल, पहाड़ और नदियां ही यहां की पहचान है। छुटपन ही मेरा गांव में बीता है। हमारा गांव सतपुड़ा की तलहटी में बसा है। अगर हम मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले को देखें तो भौगोलिक रूप से दो हिस्सों में बांट सकते हैं। एक है सतपुड़ा पहाड़ की जंगल पट्टी, और दूसरा है नर्मदा कछार। सतपुड़ा की पट्टी में मुख्य रूप से आदिवासी रहते हैं जबकि नर्मदा कछार को बहुत उपजाऊ माना जाता है। नर्मदा किनारे की मिट्टी बहुत ही उर्वर है। गांवों के आसपास अमराई (आम के बगीचे) हुआ करती थी, कुछ जगह तो अब भी है। मुझे कुछ समय तक इटारसी के पास केसला में अमराई में रहने का मौका मिला था। आम की मंजरी (आम के फूल, जो छोटे–छोटे समूहों में होते हैं) की तरह तुलसी की मंजरी भी होती है। इसे पुष्प गुच्छ भी कह सकते हैं। इस पर तरह–तरह के पक्षी, तितलियां व भंवरे मंडराते रहते हैं। हवा में इसकी खुशबू फैलती है। जब मैं गर्मी के दिनों में खुले आसमान के नीचे सोता था, तब इसकी मंद–मंद बयार बहुत भाती थी। होली का त्यौहार आते ही यह जंगल पलाश ( स्थानीय भाषा में इसे खकरा कहते हैं) के लाल फूलों से सज जाता है। जंगलों में इसकी छटा देखते ही बनती है। इस पर भी चिड़िया फुदक–फुदक कर रस चूसती दिखती हैं। हालांकि ये फूल कुछ ही दिन रहते हैं, और मुरझा



कर गिर जाते हैं। किसी कवि ने कहा है कि– दिन दस फूला, फूलि के खंखड़ भवा पलास। लेकिन साल भर इस मौसम का इंतजार रहता है। होली में इसके फूलों का रंग बनाया जाता था। बांस की पिचकारी में इसे भरकर एक दूसरे पर रंग डाला जाता था। जब गांव में हुरयारे घूमते थे, फागें गाते थे, तब उन पर यही रंग डाला जाता था। पूरा माहौल उत्साह व जोश से भरा होता था। इसके पत्तों से दोना–पत्तल बनाए जाते हैं और इसके तने से रस्सी भी बनाई जाती थी। यानी यह बहुपयोगी वृक्ष है। एक और वृक्ष हमें आकर्षित करता है, वह है सेमल का। अंग्रेजी में इसे सिल्क कॉटन कहते हैं और बुंदेली में इसे सेमरा कहते हैं। इसके चटख लाल फूल अलग से ही अपनी ओर खींचते हैं। इसका एक इस्तेमाल पुराने समय में आग पैदा करने में भी होता था। (चकमक लोहा) को पत्थर से रगड़ने से जो चिंगारी निकलती तो उसे रूई के माध्यम से चूल्हा जलाया जाता था। उस समय माचिस का चलन नहीं होता था। इसके अलावा, जंगल में आंजन की पत्तियां गर्मी में भी हरी होती हैं। इसकी पत्तियों से रस टपकता है। गर्मी में यह ठंडक देती है। इसके अलावा जंगल में महुआ, आम, आंजन, साज, बील, धावड़ा, हर्र, बहेड़ा, आंवला, सरई और कई पेड़–पौधे व कई वनस्पतियां हैं। पतझड़ के मौसम में ये जंगल उदास और पत्तेहीन हो जाते हैं। सतपुड़ा पहाड़ से कई नदियां निकली हैं, जिसकी वजह भी जंगल है, जिन्हें वनपुत्री भी कहा जाता है। इन दिनों खेतों में भी काफी चहल–पहल होती है। गेहूं की कटाई चल रही है। कहीं हाथ से कटाई हो रही है, तो कहीं हारवेस्टर से गेहूं कट रहा है। चना की कटाई हो चुकी है। एक दिन मेरे किसान मित्र ने मुझे होउरा खिलाया। होउरा यानी हरे चने को भूनना, इसका स्वाद ही अनूठा है। पहले चना कटाई के समय मित्रो व पड़ोसियों को होउरा खाने के लिए खेत पर आमंत्रित भी किया जाता था। किसान और मजदूरों का भाईचारा भी इसी समय देखने को मिलता है। किसान को गेहूं कटाई के लिए मजदूरों की मदद चाहिए होती है, मजदूरों को काम। यह वह समय होता है, जब दोनों एक दूसरे के काम आते हैं। खेतों का काम तो होता ही है, साथ में दुख–सुख की बातें भी हो जाती हैं। हालांकि इसमें हारवेस्टर के कारण कमी आई है, फिर भी खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए मजदूरों की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह रिश्ता बना हुआ है। भूमिहीन मजदूर भी इन खेतों में कटाई के बाद शेष बची बालियां बीनते हैं, किसानों की तरफ से इन्हें छूट दी जाती है। इन गेहूं की बालियां बीनने वालों को बिनैय्या कहते हैं, जो इन दिनों खेतों में खूब दिखते हैं। अगर हम मानसून की बात करें तो उसके आते ही सतपुड़ा के पहाड़ों और जंगलों की छटा देखती ही बनती है। जो जंगल गर्मी में सूखे, उदास और बेजान से दिखते हैं, वे मानसून की बारिश आते ही हरे–भरे और सजीव हो उठते हैं। मन मोह लेते हैं, बरबस अपनी ओर खींचते हैं। बारिश से जमीन, चट्टानें और पेड़ों की नंगी डालियों में नई जान आ जाती है। चारों तरफ हरियाली फूट पड़ती है। पेड़ों की शाखाएं सरसराती हवा में डोलने लगती हैं। चिड़ियां फुदकने लगती हैं। उनके गीत और जंगल की हवा मिल जाती है। जो नदी नाले गर्मी में सूख जाते हैं, या कहें अदृश्य हो जाते हैं, बारिश में बहने लगे हैं। पहाड़ियों से निकल कर झरने कल–कल बहने लगते हैं। इनको देखकर ऐसा लगता है जैसे गुमा हुआ व्यक्ति अचानक से मिल जाता है। मौसम में नई बहार आ जाती है। जगह–जगह से छोटे–बड़े पौधे निकल आते हैं। पेड़ों के बीच से, चट्टानों की दरारों से और जहां आप सोच भी नहीं सकते वहां से पौधे झांकने लगते हैं। बारिश के दौरान पेड़ों से बूंदें टपकना, पेड़ों की डालियों में लड़ियों सी सज जाती हैं। घने मिश्रित के वनों के ऊपर छतरी से छाए बादल मंडराते हैं, धुएं सा आभास होता है, पानी की फुहार गिरती रहती है, रिमझिम–रिमझिम, धीरे–धीरे। उन दिनों सागौन के पेड़ सफेद फूलों से लदे रहते हैं। इसके जुड़वा पत्ते हवा में हिलते हैं। हाथ के स्पर्श से खरखराते हैं। सागौन इमारती लकड़ी है। इसके खुरदरे पत्तों से किसान खेतों में ढबुआ (मंडप) बनाते थे, जिससे वे रखवाली करने के दौरान रहते हैं।

# दिल्ली के अधिकारी अपने विधायकों को नजरअंदाज

भाजपा के पास केंद्र और दिल्ली दोनों जगह की बागडोर है और आप सोच रहे होंगे कि इस गठबंधन से नौकरशाही तंत्र एक अच्छी तरह से तेल लगी मशीन की तरह काम करेगा, है न? खैर, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हाल ही में, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र को एक पत्र लिखा, जिसमें एक अजीबोगरीब मुद्दे पर प्रकाश डाला गयारू सरकारी अधिकारी विधायकों के संचार को ठंडा कंधा दे रहे हैं। कॉल अनुत्तरित रह जाते हैं, पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाता है और संदेश पढ़े बिना ही छोड़ दिए जाते हैं। ऐसा लगता है जैसे दिल्ली के बाबुओं ने निर्वाचित प्रतिनिधियों के संबंध में अपना ष्परेशान न करेंष् मोड सक्रिय कर दिया है। अब, पिछले एक दशक से, दिल्ली का प्रशासन नौकरशाही रस्साकशी का मंच रहा है। दिल्ली सरकार या लेफ्टिनेंट गवर्नर के निर्देशों का पालन करना है या नहीं, यह सवाल एक चिरस्थायी पहेली रहा है मई 2023 में, केंद्र ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (ळछब्ज्क) अधिनियम 1991 में संशोधन किया, जिससे नौकरशाही नियुक्तियों और तबादलों पर एलजी की शक्तियों का विस्तार हुआ। इस कदम को दिल्ली के प्रशासन पर केंद्र की पकड़ मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा गया। आज की बात करें तो ऐसा लगता है कि नौकरशाही अभी भी इस नई शक्ति गतिशीलता से जूझ रही है। निर्देश के लिए एलजी की ओर देखने की आदत गहराई से जड़ जमा चुकी है, जिससे विधायकों के प्रति अधिक उत्तरदायी दृष्टिकोण की ओर संक्रमण हो रहा है, जो कि पुराने कुत्ते को नई चालें सिखाने जैसा है। नौकरशाही का यह अलगाव केवल आहत अहंकार का मामला नहीं है। जब अधिकारी विधायकों को दरकिनार करते हैं, तो वे प्रभावी रूप से उन लोगों की आवाज को दरकिनार कर देते हैं जिनका प्रतिनिधित्व विधायक करते हैं। यह बाएं हाथ द्वारा यह न जानने (या अनदेखा करने) का एक क्लासिक मामला है कि दायां हाथ क्या कर रहा है, जिससे अक्षमताएं पैदा होती हैं और नीति निर्माण और जमीनी हकीकत के बीच संबंध टूट जाता है। यह स्पष्ट है कि नौकरशाही के भीतर एक सांस्कृतिक बदलाव की आवश्यकता है – ऐसा बदलाव जो निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका का सम्मान और स्वीकार करे। केरल के डीजीपी पद की दौड़रू कौन लेगा शीर्ष पद? केरल के अगले पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनने की दौड़ तेज होने के साथ ही दांव ऊंचे हैं। राज्य सरकार आदर्श उम्मीदवार को खोजने के प्रयास में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की सूची खंगाल रही है, क्योंकि शेख दरवेश साहब जून में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। लेकिन किसी भी महत्वपूर्ण नियुक्ति की तरह, योग्यता और अनुभव ही एकमात्र कारक नहीं हैं। 1990 बैच के अधिकारी नितिन अग्रवाल, जो हाल ही में बीएसएफ प्रमुख के रूप में कार्यकाल पूरा करके लौटे हैं, इस समूह के सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं। इसके बाद 1991 बैच के सदस्य रावदा ए. चंद्रशेखर हैं, जो वर्तमान में इंटेलिजेंस ब्यूरो में कार्यरत हैं। हालांकि, क्या वह भी इसमें रुचि लेंगे, यह देखते हुए कि वह अगले साल सेवानिवृत्त होने वाले हैं? युवा पीढ़ी भी पीछे नहीं है। केरल के सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का नेतृत्व योगेश गुप्ता (1993 बैच) कर रहे हैं, और राज्य के कानून और व्यवस्था प्रमुख मनोज अब्राहम (1994 बैच) अपनी तकनीक–संचालित पुलिसिंग के लिए प्रसिद्ध हैं। 1995 बैच के दोनों अधिकारी एस सुरेश और एमआर अजित कुमार भी शामिल हैंय बाद वाले भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण अपना मौका खो सकते हैं। योग्यता महत्वपूर्ण है, लेकिन राजनीतिक कारक अक्सर उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं।

## .......... स्वास्थ्य ..........

# नवरात्रि में चमकदार त्वचा के लिए अपनाएं चावल आटा फेस पैक,मिलेगा चेहरा खूबसूरत



नवरात्रि में महिलाएं हमेशा चाहती हैं कि उनका चेहरा खूबसूरत और चमकदार दिखे। इस बार, क्यों न केमिकल वाले ब्यूटी प्रोडक्ट्स की बजाय घर में बने नेचुरल नुस्खों का इस्तेमाल किया जाए? हम आपको नवरात्रि के नौ दिनों में एक न एक घरेलू नुस्खा देने वाले हैं। इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं, चावल के आटे से बने फेस पैक के बारे में, जिसे आप नवरात्रि के दूसरे दिन से इस्तेमाल कर सकती हैं।

चावल के आटे से फेस पैक बनाने के फायदे

चावल का आटा एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर है, जो आपकी त्वचा से डेड स्किन सेल्स को हटाता है। इसके इस्तेमाल से स्किन टाइट होती है, पोर्स क्लियर होते हैं, और इससे झुर्रियां व फाइन लाइन्स कम करने में मदद मिलती है। इससे न केवल आपके चेहरे पर निखार आता है, बल्कि यह आपकी स्किन को चमकदार भी बना देता है।

फेस पैक बनाने के लिए क्या चाहिए

2 चम्मच चावल का आटा
1/2 चम्मच फ्लैक्स सीड्स
1 कटोरी गुलाब जल
1 चम्मच एलोवेरा जेल

तेजी से टूटने लगेंगे बाल, अगर ब्वउइ करते समय करेंगी ये गलतियां

फेस पैक बनाने का तरीका

सबसे पहले एक कटोरी गुलाब जल में आधे चम्मच फ्लैक्स सीड्स डालकर 5 मिनट के लिए भीगने के लिए छोड़ दें। इसके बाद, इसमें 2 चम्मच चावल का आटा और 1 चम्मच एलोवेरा जेल डालकर अच्छे से मिक्स करें। तैयार पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें ताकि यह सूख सके। 15 मिनट बाद, फेस वॉश करके चेहरे को साफ करें और देखें कैसे आपके चेहरे पर निखार आता है।

कितनी बार करें इस्तेमाल

इस नुस्खे को आप हफ्ते में 2–3 बार इस्तेमाल कर सकती हैं, ताकि नवरात्रि के दिनों में आपका चेहरा और भी चमकदार नजर आए।

नोटरू यह नुस्खा छंजनतंस है और किसी भी तरह के साइड इफेक्ट से बचाता है। इस लेप से आप नवरात्रि के दौरान अपनी स्किन को चमकदार और निखरी हुई रख सकती हैं।



# होंठों पर भी हो सकता है कैंसर

कैंसर एक खतरनाक बीमारी है, जो कई प्रकार का हो सकता है। इनमें से एक है लिप कैंसर, जो कि ओरल कैंसर (मौखिक कैंसर) का ही हिस्सा है। लिप कैंसर तब होता है जब होंठों की बाहरी या अंदरूनी त्वचा में कैंसर का असर होता है। यह बीमारी आमतौर पर सिगरेट, तंबाकू सेवन और सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों के ज्यादा संपर्क में आने से होती है। हालांकि, सही जानकारी और सतर्कता से लिप कैंसर से बचा जा सकता है।

होंठों पर कैंसर के कारण

तंबाकू और शराब

सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला और शराब का अत्यधिक सेवन लिप कैंसर का प्रमुख कारण बन सकता है। इन पदार्थों में मौजूद हानिकारक रसायन होंठों की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और धीरे–धीरे कैंसर की ओर बढ़ सकते हैं। तंबाकू और शराब का सेवन शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को कमजोर कर सकता है, जिससे कैंसर से लड़ने की क्षमता घट जाती है। यही वजह है कि तंबाकू और शराब से बचना लिप कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है।

सूर्य की हानिकारक किरणें (न्ट त्ंले)

लंबे समय तक धूप में रहना होंठों की त्वचा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों के संपर्क में आने से होंठों की त्वचा पर जलन, सूजन, और जल्दी उम्र बढ़ने के लक्षण दिख सकते हैं। यह सीधे तौर पर कैंसर का कारण बन सकता है, खासकर अगर आपने समय–समय पर अपनी त्वचा की सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं किया है। इसलिए, जब भी बाहर जाएं, तो सनस्क्रीन लिप बाम का उपयोग करें और धूप से बचने की कोशिश करें।

मानव पेपिलोमा वायरस

मानव पेपिलोमा वायरसएक ऐसा वायरस है जो मुख्य रूप से यौन संबंधों के दौरान शरीर में प्रवेश करता है। यह वायरस खासकर मौखिक क्षेत्र, गले और होंठों पर भी असर डाल सकता है। के संक्रमण के कारण लिप कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि यह वायरस कोशिकाओं को असामान्य रूप से बदलने के लिए जिम्मेदार होता है। से बचाव के लिए, सुरक्षा उपायों का पालन करें और यदि आपको कोई संदेह हो तो डॉक्टर से जांच करवाएं।

पोषक तत्वों की कमी

विटामिन A, C और E जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी भी होंठों के कैंसर का कारण बन सकती है। ये विटामिन शरीर में कोशिकाओं की मरम्मत, सुरक्षा और विकास के लिए आवश्यक होते हैं। अगर शरीर में इनकी कमी हो जाती है, तो होंठों की कोशिकाएं कमजोर हो सकती हैं और उनमें कैंसर बनने की संभावना बढ़ जाती है। संतुलित आहार लें, जिसमें हरी सब्जियां, फल, और पर्याप्त मात्रा में पानी शामिल हो, ताकि आपके होंठ स्वस्थ रहें और कैंसर से बचाव हो सके।

पारिवारिक इतिहास

अगर आपके परिवार में किसी को ओरल कैंसर हुआ है, तो आपको भी लिप कैंसर का खतरा अधिक हो सकता है। कैंसर का पारिवारिक इतिहास होने पर जीन और आनुवंशिक कारणों से यह बीमारी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित हो सकती है। ऐसे में, यदि आपके परिवार में किसी को कैंसर हुआ है, तो नियमित रूप से डॉक्टर से जांच कराना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके अलावा, लाइफस्टाइल को स्वस्थ बनाए रखने और कैंसर से बचने के उपायों को अपनाने से इस खतरे को कम किया जा सकता है।

लंबे समय तक ठीक न होने वाला घाव या छाला

अगर होंठों पर कोई घाव या छाला है जो लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहा है, तो यह लिप कैंसर का एक गंभीर संकेत हो सकता है। यह घाव या छाला दर्द रहित हो सकता है, लेकिन यह धीरे–धीरे बढ़ता रहता है और एक समय पर स्थिर हो सकता है। यदि यह घाव 2 से 3 सप्ताह से अधिक समय तक ठीक नहीं हो रहा है, तो आपको तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए, ताकि कैंसर के शुरुआती चरणों का पता चल सके।

लाल या सफेद धब्बे



होंठों पर अचानक लाल या सफेद धब्बे या धारी का उभरना लिप कैंसर के संकेत हो सकते हैं। ये धब्बे आमतौर पर होंठों की त्वचा पर असामान्य रूप से दिखाई देते हैं और इनका आकार बढ़ सकता है। यदि आप पाते हैं कि होंठों पर कुछ असामान्य बदलाव हो रहे हैं, तो इसे अनदेखा न करें, क्योंकि यह कैंसर की शुरुआत हो सकती है। समय रहते उपचार लेने से इस स्थिति को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

गांठ या मोटापन महसूस होना

होंठों की त्वचा में अचानक मोटापन या गांठ का महसूस होना लिप कैंसर का एक प्रमुख लक्षण हो सकता है। यह गांठ आमतौर पर पहले छोटी होती है, लेकिन यह समय के साथ बढ़ सकती है। अगर आपको होंठों में ऐसा महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें और जल्दी से डॉक्टर से जांच कराएं। यह लक्षण अक्सर कैंसर कोशिकाओं के फैलने का संकेत देता है।

खुजली या जलन

होंठों में लगातार खुजली या जलन का महसूस होना भी लिप कैंसर के शुरुआती लक्षणों में से एक हो सकता है। यह लक्षण किसी अन्य त्वचा समस्या जैसे सूजन, इन्फेक्शन या एलर्जी से संबंधित हो सकता है, लेकिन यदि यह लक्षण लंबे समय तक बना रहे और बार–बार हो, तो यह कैंसर के संभावित संकेत हो सकते हैं। ऐसे में डॉक्टर से जांच करवाना महत्वपूर्ण है, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके।

बोलने और खाने में परेशानी

अगर आपको होंठों को हिलाने, बोलने या खाने–पीने में दर्द और परेशानी हो रही है, तो यह लिप कैंसर का संकेत हो सकता है। यह दर्द हल्का हो सकता है, लेकिन समय के साथ बढ़ सकता है, जिससे रोजमर्रा के कामों में समस्या आने लगती है। जब होंठों के पास कोई असामान्यता महसूस हो, तो यह बताता है कि कैंसर की कोशिकाएं होंठों की अंदरूनी संरचना को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे लक्षणों की अनदेखी न करें और चिकित्सक से मिलकर सही उपचार लें।

रंग में बदलाव

होंठों का रंग असामान्य तरीके से बदलना, जैसे कि वह लाल या काले हो जाएं, लिप कैंसर का संकेत हो सकता है। यह रंग में बदलाव तब होता है जब कैंसर कोशिकाएं होंठों की कोशिकाओं को प्रभावित करती हैं और उनमें असामान्यता उत्पन्न होती है। यह लक्षण खासतौर पर तब ध्यान में आता है जब होंठों की त्वचा अचानक सूखी या फीकी लगने लगे। यदि आप अपने होंठों में रंग के बदलाव को नोटिस करते हैं, तो यह कैंसर के शुरुआती संकेत हो सकते हैं।

सुन्नता या झुनझुनी

होंठों के आसपास सुन्नता या झुनझुनी महसूस होना लिप कैंसर का एक और लक्षण हो सकता है। जब कैंसर कोशिकाएं होंठों की नसों पर दबाव डालती हैं, तो होंठों में इस प्रकार की संवेदनहीनता महसूस हो सकती है। यह लक्षण आमतौर पर शुरुआत में हल्का होता है, लेकिन समय के साथ यह बढ़ सकता है। अगर आपको होंठों या उनके आसपास कोई असामान्य महसूस हो, तो इसे नजरअंदाज न करें और डॉक्टर से तुरंत जांच कराएं।

# यूपी में मौलाना भड़के बोले–खतरनाक परंपरा की शुरुआत...इस पर लगे रोक

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी की राजधानी लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने हरियाणा सरकार द्वारा ईद–उल–फितर की छुट्टी रद्द करने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे भारत की गंगा–जमुनी तहजीब पर हमला करार दिया। कहा कि यह एक खतरनाक परंपरा की शुरुआत है। उन्होंने इस फैसले पर रोक लगाने की मांग की। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि भारत में सभी धर्मों के त्योहारों को मिलकर मनाने की परंपरा रही है। ईद, होली, दीपावली जैसे पर्व सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का यह निर्णय न केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट है, बल्कि देश की सदियों पुरानी साझी संस्कृति के खिलाफ भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस फैसले को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे फैसलों और तत्वों पर नियंत्रण रखना चाहिए, जो सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार कर ईद–उल–फित्र की छुट्टी बहाल करनी चाहिए, ताकि सभी समुदायों के बीच विश्वास बना रहे और देश की सद्भावना को कोई आंच न आए।

## सेना के घूसखोरी रैकेट में शामिल जेई भी गिरफ्तार, दो आरोपी पहले पकड़े जा चुके पूछताछ में खुले थे राज

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के प्रयागराज में सेना (एमईएस) के घूसखोरी रैकेट में शामिल जूनियर इंजीनियर अनूप सिंह को भी सीबीआई ने शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को गैरिसन इंजीनियर रवि सिंह और असिस्टेंट गैरिसन इंजीनियर विमल कुमार को एक लाख रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार करने के बाद जांच में जेई अनूप सिंह की संलिप्तता का प्रमाण मिला था। तीनों को शनिवार को राजधानी स्थित सीबीआई की विशेष अदालत मे पेश किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बता दें कि तीनों दिल्ली की फर्म रुद्राक्ष इंटरप्राइजेज से टेंडर की मंजूरी का पत्र देने के बदले 2.88 लाख रुपए घूस मांग रहे थे। फर्म को जेम पोर्टल के जरिए मैनपावर सप्लाई का 24 लाख रुपये का काम मिला था, जिसका स्वीकार्यता पत्र (एलओसी) जारी करने के लिए 12 फीसदी घूस मांगी गई थी। फर्म संचालक पवन कुमार तिवारी ने सीबीआई में इसकी शिकायत की थी। शिकायत सही पाए जाने पर घूस मांगने वाले इंजीनियरों को पकड़ने के लिए शुक्रवार को राजधानी की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम प्रयागराज भेजी गई, जिसने देर शाम पहले रवि सिंह और विमल कुमार को घूस की रकम लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। पूछताछ में जेई अनूप सिंह की भूमिका पता लगने पर उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने तीनों के आवास पर छापा भी मारा, जहां तमाम टेंडर से संबंधित दस्तावेज आदि बरामद किए गए हैं।

## सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा, 62,382 छात्रों ने किया आवेदन 1 अप्रैल से कक्षाएं शुरू

लखनऊ, (संवाददाता)। समाज कल्याण विभाग एवं जनजाति विकास विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन विद्यालयों में नवोदय पैटर्न पर पढ़ाई होती है। यह सीबीएसई तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त हैं। इस बार प्रवेश परीक्षा 30 मार्च रविवार को आयोजित की जाएगी। इसका आयोजन दो पालियों में होगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षा का आयोजन जिलाधिकारी के नियंत्रण में होगा, जबकि प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी डायट को सौंपी गई है। परीक्षा परिणाम 31 मार्च 2025 को जारी किए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया के तहत कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में चयन किया जाएगा। कक्षा 6 में कुल 70 सीटें उपलब्ध हैं, जिसमें प्रत्येक कक्षा के लिए दो सेक्शन होंगे और प्रत्येक सेक्शन में 35–35 छात्रों को प्रवेश मिलेगा। वहीं, कक्षा 8 और 9 में प्रवेश रिक्त सीटों के आधार पर दिया जाएगा। कक्षा 11 में प्रवेश परीक्षा नहीं होगी, बल्कि 10वीं के अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए हजारों छात्रों ने आवेदन किया है। कक्षा 7 के लिए कुल 7,434 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि कक्षा 9 के लिए 16,106 छात्रों ने आवेदन किया है। कुल मिलाकर 62,382 छात्रों ने इस प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया है। वहीं, प्रदेश भर में स्थित इन विद्यालयों में कुल बालक विद्यालयों की संख्या 36 है, जबकि बालिका विद्यालयों की संख्या 73 है। आवेदन की संख्या को देखते हुए प्रतियोगिता कड़ी होगी, क्योंकि चयन केवल सीमित सीटों पर ही किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस बार भी गांव और शहरी क्षेत्र के छात्रों के लिए अलग–अलग प्राथमिकता तय की है। गांव के छात्रों को

# नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ की फिराक में बांग्लादेशी, पर्यटक वीजा से दाखिल होने की साजिश



लखनऊ, (संवाददाता)। राजनीतिक उथल–पुथल। अस्थिरता की आशंका। राजावादी बनाम सत्ताधारी दल की कशमकश...। नेपाल इस समय दोराहे पर है। यह बदलाव भारत–नेपाल सीमा पर भी दिखता है, लेकिन बदले रूप में। यहां की कहानी अलग है। राजनीतिक सरगर्मी के बीच बांग्लादेशी टूरिस्ट वीजा पर नेपाल पहुंचकर भारत में घुसपैठ की कोशिश में हैं। मधेश से लेकर उत्तराखंड तक इनकी गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए सीमा पर अलर्ट भी किया गया है। एसएसबी ने चौकसी बढ़ाई है। नवलपरासी जिले के सुरेंद्र महतो कहते हैं कि देश आंतरिक मसले में उलझा है। इसका फायदा बांग्लादेशी उठा रहे हैं। हाल के दिनों में सीमावर्ती क्षेत्र में होने वाली गतिविधियां ठीक नहीं लग रही हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत व लखीमपुर खीरी से सटे नेपाली क्षेत्र में भी संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं। हम उत्तर प्रदेश से लगते नेपाल के बांके, नेपालगंज, रूपन्देही, बेलहिया, रौतहट, गौर व लुबिनी पहुंचे। कद–काठी और बोली भी स्थानीय लोगों से मिलने के कारण खुली सीमा का लाभ उठाकर बांग्लादेशियों के भारतीय क्षेत्र में मजदूरी के बहाने आने–जाने का पता चला। रूपन्देही के संतोष तमांग कहते हैं कि अभी तक हम सुरक्षा को लेकर आश्वस्त थे, लेकिन सीमावर्ती क्षेत्र में रोहिंग्या के साथ बांग्लादेशी भी सक्रिय हैं। ये सभी नेपाल में अस्थिरता का लाभ उठाने की कोशिश में हैं। इन्हें रोकना होगा। नेपाल के साथ भारत को भी पहल करनी होगी। हिन्दू स्वयंसेवक संघ (नेपाल में आरएसएस) के रंजीत साह बताते हैं कि पहले सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी बहुत कम थी, लेकिन पिछले 10 वर्षों में घुसपैठ के कारण इनकी संख्या करीब 400 फीसदी बढ़ी है। नेपाल की नागरिकता का दुरुपयोग सबसे ज्यादा यहीं पर दिखता है। इनसे सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी बदलाव भी हुआ है। नेपाल के युवा खाड़ी देशों के साथ ही भारत में रोजगार की तलाश में आ रहे हैं। वहीं, बांग्लादेश व रोहिंग्या नेपाल में ही पैर जमा रहे हैं। अभी मकान, प्लंबर, पेंटिंग, इलेक्ट्रीशियन, नाई और बाइक मरम्मत का भी काम इन्होंने संभाल लिया है। नेपाल पुलिस की इंटेलिजेंस शाखा ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट में रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को नेपाली नागरिकता दिलाने का भी खुलासा किया है। मुख्य रूप से ये पश्चिम बंगाल से जुड़े नेपाल के पूर्वी हिस्से काकरभिट्टा सीमा से प्रवेश कर रहे हैं। रिपोर्ट में नेपाल के इस्लामी संघ पर घुसपैठियों को नागरिकता दिलाने में मुख्य भूमिका निभाने का आरोप है। यह संगठन बांग्लादेशी नागरिकों के परिवार के सदस्यों के रूप में गलत तरीके से सत्यापित करता है, जिन्होंने पहले ही नेपाली नागरिकता हासिल कर ली है।

सीमा सुरक्षा के प्रति सरकार सतर्क

नेपाल के पूर्व गृह राज्यमंत्री देवेंद्र राज कंडेल ने बताया कि यह सही है कि नेपाल में राजनीतिक उथल–पुथल है, लेकिन सीमा की सुरक्षा के प्रति सरकार सतर्क है। घुसपैठ के खिलाफ हम समय–समय पर कार्रवाई करते रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## चांद के दीदार को बेकरार रहेंगी रोजेदारों की निगाहें, लखनऊ में सतखंडे से देखने का इंतजाम

लखनऊ, (संवाददाता)। रोजेदारों को रमजान में की गई इबादतों का रब की तरफ से ईद के रूप में मिलने वाले इनाम का इंतजार है। रमजान के 29वें रोजे को चांद का दीदार होने पर ईद सोमवार को होगी। चांद न दिखा तो ईद मंगलवार को मनाई जाएगी। मरकजी चांद कमेटी अध्यक्ष एवं ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मुसलमानों से रविवार को ईद का चांद देखकर उसकी सूचना देने की अपील की है। ईद उल फित्र की नमाज की बड़ी जमाम ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में अदा की जाएगी। ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद ने कहा, ऐशबाग ईदगाह में इस साल भी ईद की नमाज में शामिल होने के लिए महिलाओं की अलग से व्यवस्था रहेगी। ईदगाह स्थित तैयब हाल में महिलाएं नमाज अदा करेंगी।

## बोरे में मिली महिला की लाश, हाईवे से 150 मीटर अंदर जंगल में पड़ी थी

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के सीतापुर में रविवार को बोरे में भरी महिला की लाश मिली। लोगों ने देखा तो आसपास के अन्य लोगों को सूचना दी। खबर फैली तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके जानकारी जुटाई।



आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के सेतराम के पास की है। यहां हाईवे से करीब 150 मीटर अंदर बोरे में भरी एक लाश पड़ी थी। सुबह करीब 7 बजे लोगों ने देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। बोरा खोलकर देखा तो महिला की लाश थी। पुलिस लाश की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। इसके लिए सभी थानों को जानकारी दी गई है। आसपास के जिलों में सोशल मीडिया का उपयोग किया जा रहा है। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी दूसरे क्षेत्र में हत्या के बाद लाश यहां फेंकी गई है।

## खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तिष्ठ सेवा संस्थानम, काव्योम, प्रो. शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट व कालीचरण पीजी कॉलेज की ओर से आयोजित दो दिवसीय युवा खेल महोत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क प्रमुख मनोज जी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। क्रिकेट और बैडमिंटन प्रतियोगिता में 110 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक तुषार ने बताया।

## पटना से दिल्ली जा रही फ्लाइट में बिगड़ी यात्री की तबीयत, अमौसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ, (संवाददाता)। पटना से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार सुबह एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई। यात्री के इलाज के लिए तत्काल विमान की अमौसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई। विमान से उतरने पर मेडिकल टीम ने जांच की, जिसमें यात्री की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह अचानक एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना आई। एयरपोर्ट प्रशासन सतर्क हो गया। मेडिकल टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। दरअसल, असम के बलशोर स्थित पल्ला रोड रुपियाबाथन, नलबारी निवासी सतीश चंद्र बर्मन(63) अपनी पत्नी कंचन और चचेरे दामाद केशव कुमार के साथ पटना से दिल्ली जा रहे थे। वह इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई–2163 से यात्रा कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि बीच रास्ते सतीश चन्द्र की अचानक हालत बिगड़ गई। इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी गई। जब यात्री की तबीयत नहीं सुधरी तो क्रू मेंबर ने विमान के पायलट को अवगत कराया। विमान उस समय लखनऊ की वायुसीमा में था। ऐसे में पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति एटीसी से मांगी। सुबह दस बजे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग एयरपोर्ट पर कराई गई। एयरपोर्ट की स्वास्थ्य टीम को इसकी सूचना पहले ही दे दी गई थी। मेडिकल टीम विमान में पहुंची और यात्री की जांच की, जिसमें यात्री मृत मिले। उनकी पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## ईद के चांद के दीदार को आज बेकरार रहेंगी रोजेदारों की निगाहें

लखनऊ, (संवाददाता)।रोजेदारों को रमजान में की गई इबादतों का रब की तरफ से ईद के रूप में मिलने वाले इनाम का इंतजार है। रमजान के 29वें रोजे को चांद का दीदार होने पर ईद सोमवार को होगी। चांद न दिखा तो ईद मंगलवार को मनाई जाएगी। मरकजी चांद कमेटी अध्यक्ष एवं ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने मुसलमानों से रविवार को ईद का चांद देखकर उसकी सूचना देने की अपील की है। इदारा शरिया फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान मियां फरंगी महली ने भी ईद का चांद देखने को कहा है। मौलाना खालिद रशीद व अन्य उलमा ऐशबाग ईदगाह में चांद देखेंगे। सैफ अब्बास ने हुसैनाबाद स्थित सतखंडे से चांद देखने का इंतजाम किया है। ईद उल फित्र की नमाज की बड़ी जमाम ऐशबाग ईदगाह, टीले वाली मस्जिद और बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद में अदा की जाएगी। ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद ने कहा, ऐशबाग ईदगाह में इस साल भी ईद की नमाज में शामिल होने के लिए महिलाओं की अलग से व्यवस्था रहेगी। ईदगाह स्थित तैयब हाल में महिलाएं नमाज अदा करेंगी।

## तेजस्विनी सम्मान से अलंकृत हुईं आठ महिलाएं

लखनऊ, (संवाददाता)। नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से शनिवार को निराला नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में द ग्रेट शक्ति स्वरूपा उत्सव मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाली आठ महिलाओं को तेजस्विनी सम्मान से नवाजा गया। इनमें वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रप्रभा मायर, हॉकी कोच पूजा निषाद, कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह, प्रधानाचार्य रुचि यादव, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रांशु मिश्रा, न्यूमेरोलॉजिस्ट शिल्पी पाहवा, ऑटो चालक सरिता शर्मा, वसंत वर्मा शामिल रहीं। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। आयोग की सदस्य रीतू शाही ने भी शिरकत की। इस दौरान संगठन की अध्यक्ष नीशू त्यागी, ऋषि वर्मा, सावित्री देवी, डॉ. संजय श्रीवास्तव, शिखा सिंह मौजूद रहीं।

## नाटक ने विवाह की पारंपरिक व्यवस्था पर खड़ा किया सवाल

लखनऊ, (संवाददाता)। सूर्या थिएटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी की ओर से संगीत नाटक अकादमी में शनिवार को प्रस्तुत नाटक सावधान दूल्हे की तलाश है ने समाज की पारंपरिक विवाह व्यवस्था पर गहरा सवाल खड़ा किया। मराठी के महान नाटककार विजय तेंदुलकर की इस रचना का निर्देशन विवेक मिश्रा ने किया। कलाकारों में सूत्रधार प्रणव श्रीवास्तव, शुभम भोले, आदर्श तिवारी, वैशाली, राहुल मिश्रा ने अभिनय किया। आयोजिका रमा जायसवाल के नेतृत्व में यह नाटक सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने में सफल रहा।

## एक दिन की छुट्टी... ने खूब हंसाया

लखनऊ, (संवाददाता)। श्री रंग कला सेवा संस्थान की ओर से संजीव झा के निर्देशन में संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक 'एक दिन की छुट्टी' का मंचन किया गया। राजेंद्र शर्मा के लिखे नाटक में दिखाया गया कि कैसे विजय अपने कार्यालय में झूठ बोलकर एक दिन की छुट्टी लेता है और फिर उसे किन हालात से गुजरना पड़ता है।

## मध्य कमान के सेनाध्यक्ष व मध्य वायु कमान प्रमुख ने सुखोई से भरी उड़ान, रोमांचित

लखनऊ, (संवाददाता)। मध्य वायु कमान के एओसी–इन–सी एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित व मध्य कमान के सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने शनिवार को बख्शी का तालाब वायुसेना स्टेशन से सुखोई में उड़ान भरी। उन्होंने



फाइटर जेट में फॉर्मेशन मिशन को अंजाम दिया। कुल तीन सुखोई विमानों ने उड़ान भरी। सुखोई की गरज से शनिवार को लखनऊ का आसमान गूंज उठा। लंबे समय बाद बख्शी का तालाब वायुसेना स्टेशन से फाइटर जेट ने उड़ान भरी थी। इसने शहरियों को रोमांचित कर दिया। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि मध्य कमान व मध्य वायु कमान का यह संयुक्त प्रयास था। मिशन ने दोनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से मध्य वायु कमान के परिक्षेत्र में वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। इस जटिल मिशन की योजना उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों को देखते हुए बनाई गई। एओसी–इन–सी एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने फॉर्मेशन का नेतृत्व किया, जबकि मध्य कमान के सेनाध्यक्ष कॉकपिट में बैठे। उन्हें सुखोई की ताकत व क्षमताओं से परिचित कराया गया। उन्हें सेंट्रल सेक्टर के बीहड़ इलाकों में प्लेटफॉर्म की पहुंच और मारक क्षमता के साथ समकालीन खतरों के खिलाफ वायु शक्ति की प्रतिक्रिया भी दिखाई गई। इस तरह के अवसर भारतीय सशस्त्र बलों की एकजुटता को दिखाते हैं। एकीकृत दृष्टिकोण को बढ़ाने और आपसी समझ को गहरा करने का काम करते हैं। वर्ष 2016 में बख्शी का तालाब वायुसेना स्टेशन का अपग्रेडेशन शुरू किया गया था। यहां तैनात मिग स्क्वैड्रन को शिफ्ट कर दिया गया था। इसके बाद वर्ष 2018 में बीकेटी में एयर शो हुआ और 2019 में मध्य कमान ने केमिकल वॉर पर केंद्रित कार्यक्रम कराया था। इसके तहत बीकेटी में मालवाहक ग्लोबमास्टर उतारा गया था। पांच साल बाद बीकेटी से सुखोई ने जब टेकऑफ किया तो नजारा देखने लायक रहा। बख्शी का तालाब मध्य वायु कमान के प्रमुख स्टेशनों में शुमार है। यहां मिग फाइटर जेट की स्क्वैड्रन तैनात थी, जिसे शिफ्ट कर दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि चीन को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से यहां सुखोई तैनात करने की योजना है।

## पूरे प्रदेश में चली ठंडी हवाओं से गिरा पारा, एक अप्रैल से फिर से बदलेगा मौसम

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। शनिवार को ज्यादातर जिलों में दिन के समय तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन धूप की तपिश से गर्मी बढ़ी है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की माने तो आगामी एक अप्रैल से तापमान बढ़ने के साथ गर्मी भी बढ़ने के आसार है। शनिवार को सबसे ज्यादा अधिक तापमान बांदा जिले में 39.6 डिग्री सेल्सियस व बस्ती में 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। प्रदेश के पश्चिमी व पूर्वी हिस्सों के जिलों में 30 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं से तापमान में कमी दर्ज की गई है। लेकिन गर्मी पर इसका असर नहीं दिखाई पड़ रहा है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में हवा की गति तेज होने और नमी कम होने की वजह से दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ रहा है।



उन्होंने बताया अगले कुछ दिनों में प्रदेश में तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री तक ऊपर रहने की संभावना है। पश्चिमी व बुंदेलखंड इलाके में बदल रहा मौसम प्रदेश के पश्चिमी जिलों और बुंदेलखंड में मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। आगरा, झांसी, बांदा, हमीरपुर और चित्रकूट जैसे जिलों में तापमान लगातार घट–बढ़ रहा है। यहां तेज हवाएं चलने की वजह से लू जैसे हालात बनने लगे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का असर तेज हो रहा है। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और अयोध्या जैसे जिलों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। गंगा के मैदानी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के साथ ही उमस भी बढ़ने लगी है, जिससे लोग काफी परेशान हैं। मौसम विभाग की माने तो 30 मार्च रविवार को प्रदेश के पश्चिमी और बुंदेलखंड क्षेत्रों में गर्म हवाएं और लू जैसे हालात बने रहने के आसार है। तापमान में 1–2 डिग्री की और वृद्धि हो सकती है। इसी तरह 31 मार्च को पूर्वी और मध्य यूपी में भी गर्मी का असर तेज होगा। तापमान 38–40 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। जबकि एक अप्रैल से पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और गर्म हवाओं का सिलसिला जारी रहेगा। कुछ जिलों में हल्की धूल भरी आंधी चलने की संभावना है।

# ट्रेंड सेटर बनीं लखनऊ की काजल, गोरखपुर की मंसा और सहेलियां खुद का जीवन बदला

लखनऊ, (संवाददाता)। संकल्प से ही सिद्धि संभव है। उत्तर प्रदेश की बेटियां यह साबित करके भी दिखा रही हैं। हमारी बेटियां लगातार बदलाव की कोशिशों में जुटी हैं। छोटे–छोटे सहयोग और प्रोत्साहन से उनके हौसलों को पंख मिल रहे हैं। इससे वे उड़ान भर रही हैं। आज की इस कड़ी में कहानी है लखनऊ की काजल, गोरखपुर की मंसा, मनीषा, संजना और अनुराधा की। ब्रेक थ्रू संस्था से इन्हें सहयोग मिला। सहयोग ने उन्हें साहस दिया, एक नई राह दिखाई। उस पर वे चल पड़ीं और आगे बढ़ रही हैं। आइए जानते हैं बदलाव की कहानी... उन्हीं की जुबानी। काजल एयरपोर्ट पर फूड चेन आउलटेड चलाती हैं। उनका यहां तक का सफर आसान नहीं था। उनके माता–पिता, अन्य दो बेटियों की तरह ही काजल की शादी करने का विचार बना चुके थे। लेकिन, काजल के मन में तो कुछ और ही चल रहा था। वह बताती हैं कि अगर मेरे गांव में जीवन बदलने वाला ब्रेक थ्रू कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ होता, तो मेरी भी शादी हो गई होती। ज्योति दीदी (ब्रेक थ्रू कम्युनिटी डेवलपर) की बैठकों, सत्रों और मेरे घर आने–जाने से मेरे पूरे परिवार के विचार बदल गए। जब मैंने काम शुरू किया तो मेरे पिता मुझे जॉइनिंग के लिए एयरपोर्ट छोड़ने आए। उस दिन वे बहुत रोमांचित थे। काजल बताती हैं कि कुढ़ा गांव के अनुसूचित जाति के टोले के ज्यादातर अभिभावकों की मानसिकता अब बदल चुकी है। मेरे पिता कहते हैं कि जागरुकता नहीं थी, इसलिए मेरी दो बहनों की शादी जल्दी कर दी। मेरी एक बहन नर्सिंग की ट्रेनिंग ले रही है। किसान शब्द सुनते ही अक्सर लोगों के दिमाग में एक पुरुष की तस्वीर उभरती है। अब यह सोच बदल चुकी है। अब महिलाएं भी खेती में ना सिर्फ सहयोग कर रही हैं, बल्कि उड़ान भर रही हैं। मनसा, मनीषा, संजना और अनुराधा गोरखपुर की बेटियां इसका उदाहरण हैं। मनसा बताती हैं कि यह सब तब शुरू हुआ, जब ब्रेक थ्रू कार्यक्रम उनके गांव में शुरू हुआ। टीम ने हमें राह दिखाई और हमारे अंदर वो आत्मविश्वास भरा कि हम सभी अपने परिवार की मदद के लिए खेतों में काम कर सकते हैं। मनसा बताती हैं कि बिंदु और सिंधु (दो बहनें) ने सबसे पहले अपने पिता को इस काम के लिए जमीन का एक टुकड़ा देने के लिए राजी



किया। यह आसान नहीं था। लेकिन, बिंदु ने दृढ़ता दिखाई। उसके पिता ने थोड़ी अनिच्छा से सहमति जताई। फिर बिंदु ने अपनी चार सहेलियों और उनके माता–पिता को मनाया।

इस तरह बिंदु और उसकी सहेलियों ने सामूहिक खेती शुरू की। उनकी सहेलियां मनीषा, संजना और अनुराधा भी उनके साथ जुड़ गईं।

# 'महार्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्या पर AAI वार्षिक दिवस का भव्य आयोजन

अयोध्या (डीकेयू लाइफ ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या, 1 अप्रैल 2024: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI ) की स्थापना 1 अप्रैल 1995 को हुई थी। इस अवसर पर महार्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्या में AAI वार्षिक दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियाँ संपन्न हुईं, जिसमें हवाईअड्डा निदेशक विनोद कुमार द्वारा AAI के अध्यक्ष महोदय का संदेश पढ़ा गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सहायक निदेशक जन्मेजय सिंह, रविंद्र सिंह, CASO] CNS प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, विद्युत प्रभारी श्री RBS कुशवाहा, ATC प्रभारी अवधेश सिंह, Terminal प्रभारी, जयंतो नियोगी सहित अन्य विभागाध्यक्षों एवं AAI तथा एयरलाइंस अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत AAI के अध्यक्ष के संदेश वाचन से हुई। जिसमें AAI की 29 वर्षों की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात AAI का थीम सॉन्ग बजाया गया, जिसने माहौल को जोश और गर्व से भर दिया। इसके बाद, AAI की सफलता और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ केक कटिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस उल्लासमयी क्षण में हवाईअड्डा परिवार ने एकजुट होकर इस विशेष दिन को मनाया। समाजसेवा की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, हवाईअड्डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें AAI कर्मचारियों और यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान के इस पुनीत कार्य से अनेक जरूरतमंदों को जीवनदान मिलने की आशा है। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। हवाईअड्डा परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जो हवाईअड्डे को हरित एवं स्वच्छ बनाने में योगदान देंगे। AAI वार्षिक दिवस के इस आयोजन ने सभी कर्मचारियों को एक नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की, जिससे वे भविष्य में भी हवाईअड्डे की उत्कृष्ट सेवाओं में योगदान देते रहेंगे।

# मोदी को कब रिटायर होना चाहिए, यह जनता तय करती है, संजय राउत नहीं

बिपिन गुप्ता/महाराष्ट्र । मुंबई, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले का संजय राउत को कड़ा जवाब देते हुए कहा है कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद से कब रिटायर होना है यह जनता तय करती है संजय राउत नहीं। उन्होंने कहा है कि संजय राउत का मानसिक संतुलन बिगड़ गया और उनमें भाजपा के प्रति नफरत भर गई है। भाजपा में 75 वर्ष की आयु के बाद सेवानिवृत्ति का कोई नियम और इतिहास नहीं है। मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। बावनकुले ने कहा है कि उबाठा नेता संजय राउत का बयान महज एक राजनीतिक स्टंट है। ऐसा कोई नियम या निर्णय नहीं हुआ है कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी को 75 वर्ष की आयु के बाद राजनीति छोड़ देनी चाहिए। भाजपा की किसी आधिकारिक नीति में ऐसा नहीं कहा गया है। भारतीय संविधान में भी ऐसा कोई नियम नहीं है। भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी 79 वर्ष की आयु तक प्रधानमंत्री रहे। जबकि मोरारजी देसाई (83 वर्ष) और डॉ. मनमोहन सिंह 81 वर्ष की आयु तक प्रधानमंत्री रहे। लेकिन मानसिक संतुलन खो चुके और भाजपा के प्रति नफरत से भरे राउत को यह याद नहीं रहेगा। भारतीय लोकतंत्र में, एक प्रधानमंत्री का सेवानिवृत्त होना संजय राउत की तरह सुबह के भोंगे पर निर्भर नहीं करता है, बल्कि चुनावी जनादेश और जनता के आशीर्वाद पर निर्भर करता है।

# भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल ने सामुदायिक विकास पर फोकस के साथ नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत की

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सामुदायिक विकास पर ध्यान केन्द्रित करके नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत करते हुए आज दिनांक 01.04.2025 को स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबन्धक श्री दीपक कुमार दे द्वारा बधिर महिला कल्याण फाउंडेशन, लखनऊ को बधिर महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए रु 5,00,000/– का भेंट किया गया। बधिर महिला कल्याण फाउंडेशन, लखनऊ की महासचिव श्रीमती मिनी गोयल ने स्टेट बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त परिसर में वृक्षारोपण और बैंक कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए गए । इस अवसर पर महाप्रबंधक गण, उप महाप्रबंधक गण, वरिष्ठ अधिकारी गण स्टाफ सदस्य एवं संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे ।




# अयोध्या नगर निगम ने सेवा संग आय वृद्धि में भी रचा कीर्तिमान

## कर एवं करेत्तर आय में 1969 लाख रुपये की बढ़ोत्तरी

अयोध्या (डीकेयू लाइफ ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार। प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला के चलते राममंदिर दर्शन एवं सरयू स्नान के लिए जनवरी एवं फरवरी माह में अयोध्या पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा के मामले में नगर निगम ने न केवल इतिहास रचा, बल्कि बीते वित्तीय वर्ष में आमदनी वृद्धि के मामले में भी कीर्तिमान स्थापित किया है। कुशल प्रबंधन के चलते आय में बीते वित्तीय वर्ष में कुल 1969 लाख रुपये की वृद्धि दर्ज की है। नगर निगम के इतिहास में पहली बार आय में इतनी बढ़ोतरी हुई है। नगर निगम ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम ने सीमित संसाधनों के बावजूद पिछले वित्तीय वर्ष में अयोध्या आए लाखों श्रद्धालुओं को पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग, ठहरने के लिए आवास, आवश्यकता अनुसार प्राथमिक उपचार जैसी सेवाओं के मामले में तो मिसाल कायम की ही, आमदनी वृद्धि के मामले में भी रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहा।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में गृहकर, जलकल, सीवेजकर के रूप में 20 करोड़ 34 लाख 82 हजार रुपये की आय हुई थी, जबकि अन्य मद से होने वाली करेत्तर आय 15 करोड़ 80 लाख 31 हजार रुपये थी। इस तरह कुल आय 36 करोड़ 15 लाख 13 हजार रुपये हुई थी। इसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024–25 में नगर निगम की आय बढ़कर 55 करोड़ 84 लाख चार हजार 272 रुपये हो गई। इसमें कर के रूप में प्राप्त धनराशि 27 करोड़ 77 लाख 73 हजार 535 रुपये है, जबकि अन्य तरह से नगर निगम को हुई करेतर आय 28 करोड़ छह लाख 30 हजार 737 रुपये रही।

अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम की आय में 40 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष लगभग 65 फीसदी आय में वृद्धि हुई है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर निगम को आर्थिक रूप से सक्षम में बनाने में कर्मचारियों एवं अधिकारियों की योगदान के लिए सराहना की है।

# कुलाधिपति और रजिस्ट्रार को रिमांड पर लेगी पुलिस, फर्जी डिग्रियों से नौकरी का खुलेगा राज

आगरा , (संवाददाता)। फर्जी डिग्री कांड में फंसे कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव एवं रजिस्ट्रार नंदन मिश्रा की मुश्किलें फिरोजाबाद पुलिस की तरफ से भी बढ़ने वाली हैं। पुलिस ने जयपुर जेल में बंद दोनों आरोपियों को पांच दिन की कस्टडी में लेने के लिए न्यायालय में अपील दायर कर दी है। जिनको कस्टडी में लेने के बाद शिकोहाबाद पुलिस पेपर लीक, फर्जी डिग्री एवं फर्जी डिग्रियों के आधार पर लगाई गईं नौकरियों के बारे में सख्ती से पूछताछ करेगी। जेएस यूनिवर्सिटी शिकोहाबाद के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव एवं रजिस्ट्रार नंदन मिश्रा को एसओजी जयपुर जेल भेज चुकी है। जिनकी जमानत की याचिका जयपुर न्यायालय में भी दाखिल की गई है, लेकिन फिरोजाबाद पुलिस प्रशासन ने जेएस यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य स्टाफ के खिलाफ सख्ती बरतना शुरु कर दी है। थाना शिकोहाबाद में कुलाधिपति, रजिस्ट्रार, डॉ. पीएस यादव, डॉ. गौरव यादव, उमेश मिश्रा समेत अन्य स्टाफ के खिलाफ दो केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई। नोटिसों के जवाब न मिलने पर पुलिस प्रशासन ने यूनिवर्सिटी के 26 खातों में जमा लगभग 83 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिये थे। अब पुलिस जयपुर जेल में बंद दोनों आरोपियों को पांच दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने के प्रयास कर रही है। जिसकी कवायद पुलिस प्रशासन ने शुरु कर दी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने फिरोजाबाद न्यायालय में आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए अपील दायर की है। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद शिकोहाबाद पुलिस जयपुर जेल में बंद दोनों आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने जयपुर रवाना होगी। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को कस्टडी में लेने के बाद उनसे पूछताछ में पुलिस प्रशासन फर्जी डिग्री प्रकरण, फर्जी डिग्री कहां–कहां बांटी गई हैं, फर्जी डिग्रियों के आधार पर अब तक कितनी नौकरी लगवाने में मदद की गई है, इसके अलावा पीएचडी की डिग्रियों तथा अन्य कोर्सों की डिग्रियों के बारे में भी सख्ती से पूछताछ करेगी। एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने बताया कि हमने जयपुर




जेल में बंद आरोपियों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में अपील दायर की है। इस केस की विवेचना के लिए एक सहायक विवेचना अधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। आरोपियों को कस्टडी में लेने के बाद इस पूरे रैकेट के बारे में सख्ती से पूछताछ की जाएगी।

# नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों ने ईद पर किया कर्तव्यों का निर्वहन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। ईद के मौके पर नागरिक सुरक्षा के वार्डेनों ने अपने अपने कर्तव्यों के निर्वहन के क्रम में चीफ वार्डेन श्री अमरनाथ मिश्रा जी के निर्देश पर राजाजीपुरम डिविजन के वार्डेनों ने एफ ब्लॉक, ईदगाह पर प्रातः 7:45, 8:45 एवं मदीना मस्जिद प्रातः 9:15 बजे, इसके उपरान्त ऐशबाग ईदगाह पर 10:00 नागरिक सुरक्षा लखनऊ के नियंत्रकधजिलाधिकारी श्री विशाख जी की मौजूदगी में चीफ वार्डेन श्री अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में वार्डेनों ने किया कर्तव्यों का निर्वहन। मौके पर डिप्टी चीफ वार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टॉफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी, सहायक उपनियंत्रक मुकेश कुमार, सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार, नागरिक सुरक्षा के वार्डेन रामगोपाल सिंह, मुकेश कुमार निगम, पंकज मिश्रा, जितेन्द्र कुमार अरोड़ा, मयंक कुमार, राजेश कुमार शुक्ला, गोपाल कुमार शर्मा, अमित मिश्रा, श्रवण उपाध्याय, सचिन कुमार सक्सेना, अजितेश बहादुर, अखिलेश गुप्ता, सचिन कुमार कश्यप, हिमांशु श्रीवास्तव, संतोष वाजपेई, संजय वर्मा, विनय कुमार, प्राची गुप्ता, सोनम देवी, अमान खान, विष्णु कुमार, रजत राजपूत, कुलदीप रावत, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, जय प्रकाश चौधरी, अनुज शुक्ला, विनोद कुमार, अजीत प्रताप सिंह, बबलू द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव, पवन कुमार सक्सेना सहित वार्डेन मौजूद रहें।



# विनोबा सेवा आश्रम से 22 को प्रारंभ ब्रह्मविद्या मंदिर होकर सुघड़ आश्रम में प्रणाम कर 29 मार्च को पूर्ण हुई यात्रा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भइया ने बताया कि विज्ञान के वश में होकर एक सप्ताह से आप सब तक प्रवाह नहीं



पहुंच ।सका ।क्योंकि 25 मार्च की सुबह से ही फोन कुछ ऐसा खराब हुआ। कि फिर काम हो नहीं किया। अहमदाबाद में बहुत प्रयास हुए ।अंततः जयेश भाई के पास फोन खराब होने का पहुंचना था कि उसका त्वरित हल प्रिया और विनय भाई को निकालने को कहा गया। अब प्रयास रहेगा कि कल विनोबा विचार प्रवाह आप तक प्रवाहित हो। ब्रह्मविद्या मंदिर का स्थापना दिवस 25 मार्च आदरणीया उषा दीदी के प्रवचन ने ब्रह्मविद्या के दर्शन कराए। दोपहर बाद ढाई से साढ़े चार बजे तक सभी के जीवन को ब्रह्मविद्या मंदिर ने कितना स्पर्श किया , कंचन दीदी का संबोधान हृदय से अत्यंत निकट का रहा ।इसी सत्र में विनोबा विचार प्रवाह द्वारा प्रकाशित गीता स्वाध्याय पुस्तक का अति साधारण रूप से विमोचन हुआ। अपने आशीर्वाद देते हुए बड़ौदा की अमी दीदी भट्ट ने प्रवाह टीम के प्रयास की सराहना की। उसी दिन शाम को हावड़ाऋ अहमदाबाद एक्सप्रेस से डा अशोक हिउरे के सौजन्य से अहमदाबाद की यात्रा शुरू की ,इस बार की यह यात्रा चूंकि स्लीपर क्लास की थी उस पर टिकट कन्फर्म न होना, दो सीटों के बीच में कितनी सुंदर नीद का दर्शन संजय भाई ने कराया। इसलिए सुघड़ पहुंचते ही भोजन के बाद आराम की गई। शाम को जागते रहो यात्रा भी यहां पहुंची जिसमें राजेंद्र यादव, जम्मू बेन,किशन सिंह बामणिया,और जोधपुर के श्री इंसाफ भाई भी रमजान के बाबजूद काफी दिनों से यात्रा में ही है। शाम छः बजे अदालज पी टी सी छात्रावास पहुंचे ।जहां बेटियों के मुख से शिव श्रोत और अदभुत प्रार्थना सुनी। श्री अजय पांडे जी ने बहुत सुंदर बात कही। केतुका बहन की तपस्या के दर्शन किए। दिन में अजीत भाई धीरू मामा संदीप भाई सब मिलने आए। 27 का योग 9 तो 9 बजे जयेश भाई का आना हुआ। सभी से भेंट स्वल्पाहार के बाद हम लोग 11 बजे प्रार्थना में बैठना हुआ। सर्वधर्म प्रार्थना के बाद मौन खुला और कुछ बोलने को जयेश भाई ने कहा। सुघड़ की कौन प्रशंसा नहीं करेगा। मौन संकल्प की तीन माह की पूर्णता पवनार में हुई और अगले त्रैमास की शुरुआत अहमदाबाद से हुई ।दोपहर बाद लीलापुर जाना हुआ ।जहां अब पूर्णरूप से अनार बहन का सपना साकार हो चुका था। क्राफ्टरूट का प्रशिक्षण केंद्र, उत्पादन केंद्र ,सेवा कैफे आदि दिखाया गया। जयेश भाई की मां वास्तव में कार्यकताओं की मां वसुधा बेन से भी भेंट हुई। 28 से 30 मार्च तक सांग ऑफ सोल की रिट्रीट राखी गई थी। जिसके आयोजक मधुसूदन भाई शालिनी बहन ,शीतल भाई उर्मिला बहन आदि आ चुके थे। 28 की सुबह सभी प्रतिभागी शांति स्तंभ के पास इकट्ठा हुए प्रास्ताविक किशन भाई ने कहा और मौन यात्रा पूर्णकर हाल में पहुंचे । वहां बाबा की वाणी सुनने का मौका मिला। सभी का परिचय सुना। सभी मृत्यु पर अपने अनुभव रखे। बाबा ने मृत्यु का रिहर्सल करने का संदेश देता। मेरी ट्रेन दिल्ली की शाम को 7 बजे की थी अतः 5 बजे उपनिषद हाल में रामहरि उउ मधुसूदन द्वाराऔर स्नेह साधना प्रिया द्वारा ,नंदिनी बेन के संचालन से जुड़ी फिल्म विनय द्वारा दिखाई गई। उदय भाई के साथ स्टेशन आना हुआ। ट्रेन 7 बजे आई और 7 बजकर 10 मिनट पर चल पड़ी। अहमदाबाद से दिल्ली के साफ सुथरी और सुंदर व किफायती किराए में गरीब रथ से दूसरे दिन 11 बजे रोहिला सराय स्टेशन पहुंची जहां मोहित और यादवेंद्र भाई लेने पहुंच चुके थे ।रोहिणी आकर। श्रीभगवान शर्मा जी से भेंट और उनके पोते के जन्म की बधाई देकर अपराह्न 2 बजे शाहजहांपुर के लिए नंदन के साथ निकल पड़े। 29 तारीख को साढ़े आठ बजे आश्रम पहुंच गए। आज 30 तारीख से दुर्गा मां के अनुष्ठान में जुड़ गए।

# बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में कुलपति का कार्यभार ग्रहण करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही विश्वविद्यालय के विकास संबंधी कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री ने प्रो. मित्तल को बीबीएयू की उन्नति एवं प्रगति और विद्यार्थियों के हित में अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कुलपति प्रो. मित्तल ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट की। इनमें से एक पुस्तक श्जैविक उद्यमिता – 37 करोड़ स्टार्टअप का देशश प्रो. मित्तल द्वारा स्वलिखित है। इसके अतिरिक्त दूसरी पुस्तक श्चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकासश शीर्षक पर है, जो प्रो. मित्तल एवं अन्य लेखकों द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई है। माननीय मुख्यमंत्री ने इन पुस्तकों के विषय में गहरी रुचि दिखाते हुए प्रो. मित्तल से इसकी विस्तृत जानकारी में पायी जाती है। वर्तमान परिपेक्ष्य में युवा पीढ़ी स्वरोजगार एवं उद्यमिता के मार्ग पर चलकर ही देश में समृद्धि और तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं तथा बेरोजगारी एवं गरीबी जैसी समस्याओं से भारत को मुक्त करा सकती है। साथ ही पुस्तक के



ली। इसके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो. मित्तल को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से युवाओं को पांच लाख रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है। साथ ही प्रो. मित्तल से विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप संबंधी विभिन्न योजनाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करने के विषय में चर्चा की। प्रो. राज कुमार मित्तल ने माननीय मुख्यमंत्री जी से जैविक उद्यमिता – 37 करोड़ स्टार्टअप का देशश पुस्तक के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि हम भारतीयों की प्रवृत्ति उद्यमिता की है और उद्यमिता भारतीयों के डीएनए माध्यम से भारतीय युवाओं में लघु एवं मध्यम उद्योग के माध्यम से रोजगार देने की प्रवृत्ति को विकसित करने का प्रयास किया गया है, जिससे विकसित भारत का स्वप्न साकार हो सके। इसके अतिरिक्त दूसरी पुस्तक श्चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकासश विद्यार्थियों के तन, मन, बुद्धि और आत्मा के समग्र विकास पर आधारित है, जिसमें शिक्षा को सर्वांगीण विकास के साथ समाहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। साथ ही इसमें भौतिक शरीर में उपस्थित अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय, और आनंदमय कोष के महत्व और उपयोगिता के बारे में बताया गया है।

# ईद पर गोमतीनगर के वार्डेन सक्रिय रहे



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। ईद के अवसर पर गोमतीनगर मे ईदगाह उजारियाव विजय खंड एवं विभिन्न मस्जिदों पर आयोजित ईद की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सिविल डिफेंस गोमतीनगर के सैकड़ों स्वयंसेवकों सहयोग मे तत्पर रहे जिसकी वजह से ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुए। गोमतीनगर सिविल डिफेंस के वरिष्ठ वार्डन नफीस अहमद ने बताया कि चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के आदेशानुसार एवम वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक मनोज वर्मा के दिशा निर्देशन में गोमतीनगर प्रखंड सिविल डिफेंस के स्वयमसेवको ने ईदगाह एवम मस्जिद, पर सक्रिय रहकर यातायात व्यवस्था संभालने के साथ साथ पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग किया।

डीसीपी पूर्वी,एडीसीपी पूर्वी एवं एसीपी गोमती नगर ने सक्रिय वार्डनों की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक प्रशासन और जनता के बीच श्सेतुश का कार्य करते है, जिसकी वजह से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का कार्य आधा रह जाता है। हर त्यौहार में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवको का भरपूर सहयोग मिलता है। इस अवसर पर सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक नफीस अहमद, अखिलेश वर्मा, वारिस अली, आशीष कुमार, आरिफ अली, राम सरन,अनुज सैनी,मोहम्मद तौफीक, रितेश शर्मा,पीके शर्मा, रविंद्र उपाध्याय, मोहम्मद अलीम,सज्जाद अली, महबूबुर रहमान,अरमान अहमद, सुरेश पाल,फैज शब्बीर,के के त्रिपाठी, अशोक गुप्ता, विनोद कुमार राय, मोहम्मद शफीक,युसूफ अली, रंजीत यादव,मनोज यादव, सूरज यादव, अंकित यादव, रूपेश कुमार, विक्की तिवारी, बलराम शुक्ला, श्याम बिहारी शुक्ला, अवनीश शर्मा, परग गुप्ता, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद काशिब,सहित सैकड़ों वार्डन सहयोग में तत्पर रहे ।

# अब अयोध्या में श्रद्धालुओं की सहायता करेगा हेल्प डेस्क

## –25 स्थानों पर स्थापित होगा "मे आई हेल्प यू" –02 गाइड तैनात होंगे

## प्रत्येक हेल्प डेस्क पर–प्राथमिक उपचार की रहेगी व्यवस्था, कर्मचारी प्रशिक्षित

अयोध्या (डीकेयू लाइफ ब्यूरो चीफ) सुरेंद्र कुमार। सप्तपुरियों में शामिल अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम का साक्षात्कार करने की उम्मीद लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियों से लैस कराने एवं हर सम्भव सहयोग का बीड़ा नगर निगम ने उठाया है। इसके लिए अयोध्या में 25 स्थानों पर "मे आई हेल्प यू" डेस्क की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक डेस्क पर दो गाइड तैनात होंगे, जिन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। चौतराम नवमी मेला के मद्देनजर गुरुवार को हेल्प डेस्क अस्तित्व में आ जाएगा। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी समारोहपूर्वक इसका उद्घाटन करेंगे।

देश–विदेश के कोने–कोने से रामनगरी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 25 "मे आई हेल्प यू" डेस्क की स्थापना की जाएगी। यहां सूर्योदय से लेकर देर रात्रि तक गाइड मौजूद रहेंगे, जो श्रद्धालुओं को राममंदिर समेत मठ–मंदिरों में दर्शन–पूजन की समयावधि की जानकारी देंगे।

इसके साथ ही अयोध्या के आसपास के दर्शनीय स्थलों की जानकारी भी पर्यटकों को उपलब्ध कराएंगे। ताकि 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। अयोध्या से विभिन्न नगरों को जाने के लिए बस, ट्रेन, हवाई जहाज आदि सेवाओं के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

अयोध्या में ठहरने के लिए उपलब्धा लॉज, होटल एवं पार्किंग सेवा जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी श्रद्धालु यहां से प्राप्त कर सकेंगे। यहां पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा तथा प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था रहेगी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि लता चौक, बिरला धर्मशाला, राममंदिर, सरयूघाट पुराना पुल, धर्मपथ, दर्शन पथ, शांति चौक, चूड़ामणि चौराहा समेत 25 स्थानों पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कठिनाई ना हो। इसकी जिम्मेदारी कैप्रीकॉर्न आउटडोर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड संस्था को सौंपी गई है।

# मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



पं० अक्षैवर नाथ तिवारी सरस्वती विद्या मन्दिर ग्राम बौरडीह के वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रान्तिकारी पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष डा० राकेश शर्मा एवं जिला महासचिव राजेश दीक्षित द्वारा कक्षा में प्रथम द्वीतीय एवं तृतिय स्थान अप्त करने वाले बच्चो को प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जिलाध्यक्ष डा० राकेश शर्मा ने बच्चों को पुरस्कृत करने के बाद उन्हे सम्बोधित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । कहा की प्रतिभाएँ किसी की मोहताज नहीं होती हैं शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को तलाशने व तराशाने की आवश्यकता है कार्यक्रम के अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक शत्रुधन निपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सैकडो अभिभावकों ने विद्यालय के अनुशासन पठन पाठन एवं संस्कार की भूरी भूरी प्रशंसा की इस अवसर पर पिंटू विश्वकर्मा प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी, राजेश गुप्ता, नितिन मिश्र, रंजन, रितेश यादव, दीपक कुमार, सीमा देवी, प्रियंका यादव , उर्मिला देवी आदि उपस्थित रहे ।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002

RNI NO - UPHIN/2022/86937

Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।